आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 171 | उज्जैन, बुधवार 14 मई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## जंगली हाथियों के प्रबंधन के लिए 47 करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक की योजना की स्वीकृति

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में मानव-हाथी द्वंद को कम करने और जंगली हाथियों के प्रबंधन के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 और वर्ष 2026-27 अर्थात आगामी 2 वर्षों सहित कुल 4 वर्षों (वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक) के लिए राशि 47 करोड़ 11 लाख 69 हजार रुपये की योजना क्रमांक 9854 की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गयी है।

योजना अंतर्गत हाथियों की सुरक्षा एवं अनुश्रवण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में कुल राशि रूपये एक करोड़ 52 लाख 54 हजार रूपये व्यय की गयी है। निर्णय अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना में राशि 20 करोड़ रूपये और वर्ष 2026-27 में 25 करोड़ 59 लाख 15 हजार रूपये का प्रावधान किया गया। इस तरह आगामी 2 वर्षों सहित कुल 4 वर्षों (वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक) के लिए योजना का आकार राशि 47 करोड़ 11 लाख 69 हजार रुपये निर्धारित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के ऐसे संरक्षित क्षेत्र जहाँ हाथियों का आवागमन या उपस्थिति है उनमें एवं संरक्षित क्षेत्रों के बाहर जंगली हाथियों की सुरक्षा एवं अनुश्रवण, रहवास प्रबंधन तथा विकास के लिए योजना बनाई गयी है। जंगली हाथियों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम, वन्यजीव मानव द्वंद को रोकने के लिए विभिन्न संरचनाएं बनाई जाएंगी। ई-आई सर्विलेंस की स्थापना और संचालन किया जाएगा। वन्य-प्राणियों के रेस्क्यू और पुनर्वास के लिए कार्य किया जाएगा।

## भारत का कोई भी दुश्मन बिना सजा के नहीं बच सकता- अमित शाह



नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उन्होंने अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में संबोधन में भारत की आतंकवाद के खिलाफ नीति को पूरी स्पष्टता और दृढ़ता के साथ पेश किया। प्रधानमंत्री ने दो टूक यह भी बता दिया कि देश अपने दुश्मनों की किसी भी गलती का तुरंत जवाब देगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि यदि पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत होगी तो वह केवल आतंकवाद और पीओजेके के मुद्दे पर होगी।

गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ऑपरेशन सिंदूर के उदाहरण के माध्यम से भारत के दुश्मनों के लिए सीमा रेखा खींच दी है। इस ऑपरेशन के दौरान हमारी सशस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तान में प्रमुख आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि देश की सशस्त्र सेनाओं ने अपनी शक्ति से पाकिस्तान को हिला दिया है और आतंकवाद के प्रति जीरो टोलरेंस का नया मानक स्थापित किया। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी ने देश के संकल्प को दोहराया है कि भारत उस वक्त तुरंत जवाब देगा जब भी हमारे दुश्मन कोई गलती करने की हिम्मत करेंगे।

## पहलगाम हमले से लेकर सीजफायर तक... भारत-पाक संघर्ष पर संसदीय समिति को दी जाएगी जानकारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश सचिव विक्रम मिसरी अगले सप्ताह एक संसदीय समिति को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष पर जानकारी देंगे। विदेश मामलों की स्थायी समिति के सदस्यों को सूचित किया गया है कि मिसरी 19 मई को इस समिति को जानकारी देंगे। दरअसल, यह बैठक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुई सैन्य कार्रवाइयों की पृष्ठभूमि में हो रही है।

भारत और पाकिस्तान में सीजफायर- मिसरी समिति को भारत और पाकिस्तान के संबंध में वर्तमान विदेश नीति में बदलाव पर भी जानकारी देंगे। दोनों पक्षों ने 10 मई को सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकने के लिए समझौता किया है।

पीएम मोदी ने पाकिस्तान को दिया कड़ा संदेश - 12 मई को राष्ट्र के नाम संबोधन में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के ध्वस्त आतंकी ठिकानों का श्रेय भारत की सेनाओं को दिया और यह भी ऐलान किया कि, विश्व समुदाय को मैं यह कहना चाहूंगा कि पाकिस्तान से बात होगी तो आतंकवाद पर ही होगी।

## आसिम मुनीर आंखें खोलकर देख लो! आदमपुर एयरबेस पर पीएम मोदी के पीछे एस-400, इस फोटो ने खोल दी पाकिस्तान की पोल



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत-पाकिस्तान के बीच फिलहाल तनाव कम है। दोनों के बीच सीजफायर लागू हो चुका है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद अब पीएम मोदी जालंधर के आदमपुर एयरबेस पहुंचे हैं। वहां जाकर सेना के जवानों से मुलाकात की।

सेना ने उन्हें बातचीत में कई जानकारियां भी दी। साथ ही पीएम मोदी ने सेना के साथ फोटो भी खिंचवाई। बता दें कि पंजाब के आदमपुर एयर बेस से जो तस्वीरें सामने आई हैं, उससे पाकिस्तान के सारे दावे झूठे साबित हो गए हैं।

पीएम मोदी ने शेयर की फोटो- प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आदमपुर एयरबेस में जवानों के साथ मुलाकात की फोटो शेयर करते हुए लिखा, आज सुबह मैं,स्रस आदमपुर गया और हमारे बहादुर वायु योद्धाओं और सैनिकों से मिला। साहस, दृढ़ संकल्प और निडरता के प्रतीक लोगों के साथ रहना एक बहुत ही खास अनुभव था। भारत हमारे सशस्त्र बलों के प्रति हमेशा आभारी रहेगा, क्योंकि वे हमारे देश के लिए हर काम करते हैं।

पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ फैलाया झूठ- पाकिस्तान दुनिया भर में लगातार झूठे दावे फैला रहा है कि उसने अपने हमले में भारत के पंजाब के आदमपुर एयरबेस को ध्वस्त कर दिया है और उसे भारी नुकसान भी पहुंचाया है।

पाकिस्तान का एस-400 वाला दावा खारिज- पीएम मोदी की फोटोज के जरिए पाकिस्तान को साफ संदेश है कि आदमपुर एयरबेस सुरक्षित है और पाकिस्तान का दावा झूठा है। इन सबमें सबसे अलग पीएम मोदी की एक फोटो सामने आई है, जिसमें पीएम मोदी के पीछे एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम साफ दिखाई दे रहा था। पाकिस्तान ने कहा था, उसने एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम बर्बाद कर दिया है।

## रेलवे ने आपातकालीन कोटे का दुरुपयोग रोकने के लिए जारी किए निर्देश



नई दिल्ली (एजेंसी)। रेल मंत्रालय ने जोनल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आपातकालीन कोटे के तहत ट्रेनों में सीट या बर्थ आरक्षण के लिए ट्रैवल एजेंटों से प्राप्त किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

मंत्रालय का यह निर्देश इस कोटे के दुरुपयोग की शिकायतों के बाद आया है। सभी 17 रेलवे जोनों के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधकों को लिखे एक लिखित निर्देश में मंत्रालय ने कहा, आपातकालीन कोटे से अनधिकृत रूप से सीटें आवंटित करने के प्रयासों के मामले संज्ञान में लाए गए हैं।

मंत्रालय ने आपातकालीन कोटे से सीटें आवंटित करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए 2011 में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे। जब भी उसे इसके दुरुपयोग के बारे में शिकायतें मिलती हैं, तो वह संबंधित अधिकारियों द्वारा अनुपालन के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं को दोहराता है।

मंत्रालय ने कहा, आपातकालीन कोटा आवंटन के संबंध में समय-समय पर जारी मौजूदा दिशा-निर्देशों का सही मायने में पालन किया जाना चाहिए। आपातकालीन कोटे से सीट आवंटित करने के लिए लिखित अनुरोध पर राजपत्रित अधिकारी के हस्ताक्षर होने चाहिए।

सीटों के लिए क्या होना जरूरी- आपातकालीन कोटे से सीट के आवंटन के लिए अनुरोध प्राप्त होने पर, हस्ताक्षरकर्ता को अपना नाम, पदनाम, टेलीफोन नंबर/मोबाइल नंबर और यात्रियों में से एक का मोबाइल नंबर बताने के लिए कहा जाना चाहिए।

## मणिपुर के राज्यपाल से परिसीमन प्रक्रिया स्थगित करने का आग्रह, कई पार्टियां मांग करने में शामिल



नई दिल्ली (एजेंसी)। मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से सोमवार को 11 राजनीतिक दलों ने केंद्र से राज्य में परिसीमन प्रक्रिया को 2026 तक स्थगित करने का अनुरोध करने का आग्रह किया।

इन दलों में एनपीपी, जेडीयू, सीपीआई (एम), आप, एनसीपी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-सपा, क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले), शिवसेना (यूबीटी), मणिपुर पीपुल्स पार्टी (एमपीपी) और बसपा शामिल हैं। राजभवन के अधिकारी ने बताया कि पार्टी प्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंपकर संभावित परिसीमन को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर कीं।

## वो कायरों की तरह छिपकर आए थे, हिंद की सेना ने ललकार कर किया सीने पर वार; पीएम मोदी की बड़ी बातें

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद के बौखलाहट में आकर पाकिस्तान ने भारत पर 400 से ज्यादा ड्रोन दागे। हालांकि भारतीय एयर डिफेंस ने पाकिस्तान के हर हमले के मुंहतोड़ जवाब दिया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पीएम मोदी आज पंजाब के जालंधर स्थित आदमपुर एयरबेस पर देश के जवानों को संबोधित किया।

पीएम मोदी ने भारत माता की जय उद्घोष के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा, इस जयघोष की ताकत अभी-अभी दुनिया ने देखी है। भारत माता की जय, ये सिर्फ उद्घोष नहीं है। ये देश के हर उस सैनिक की शपथ है जो मां भारती की मान-मर्यादा के लिए जान की बाजी लगा देता है।

पीएम मोदी बोले, ये देश के हर उस नागरिक की आवाज है, जो देश के लिए जीना चाहता है, कुछ कर गुजरना चाहता है। भारत माता की जय, मैदान में भी गूंजती है और मिशन में भी।

जब भारत के सैनिक मां भारती की जय बोलते हैं, तो दुश्मन के कलेजे कांप जाते हैं। जब हमारे ड्रोन दुश्मन के किले की दीवारों को ढहा देते हैं, जब हमारी मिसाइलें सनसनाती हुई निशाने पर पहुंचती हैं, तो दुश्मन को सुनाई देता है - भारत माता की जय।

पीएम मोदी की बड़ी बातें - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय फौज की पीठ थपथपाते हुए कहा, जब हमारी फौजें न्यूक्लियर ब्लैकमेल की धमकी की हवा निकाल देती हैं, तो आकाश से पाताल तक एक ही बात गूंजती है

पीएम मोदी ने कहा, आप सभी ने वाकई कोटि-कोटि भारतीयों का सीना चौड़ा कर दिया है। हर भारतीय का माथा गर्व से ऊंचा कर दिया है। आपने इतिहास रच दिया है।

पीएम मोदी ने कहा, जब वीरों के पैर धरती पर पड़ते हैं, तो धरती धन्य हो जाती है। जब वीरों के दर्शन का अवसर मिलता है, तो जीवन धन्य हो जाता है। इसलिए मैं आज सुबह-सुबह ही आपके दर्शन करने के लिए यहां पहुंचा हूं।



आज से अनेक दशक बाद भी जब भारत के इस पराक्रम की चर्चा होगी, तो उसके सबसे प्रमुख अध्याय आप और आपके साथी होंगे। आप सभी वर्तमान के साथ ही देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए भी नई प्रेरणा बन गए हैं।

# ट्रंप को कतर गिफ्ट करेगा 3400 करोड़ का लग्जरी विमान, क्या यह जेट एयरफोर्स वन की जगह लेगा



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कतर दौरे पर जाने वाले हैं। यहां कतर सरकार राष्ट्रपति ट्रंप को लग्जरी प्लेन बोइंग 747-8 गिफ्ट के तौर पर दे सकती है। अब तक दुनिया के किसी भी राष्ट्रपति को मिलने वाला सबसे महंगा तोहफा होगा। इस लग्जरी विमान की कीमत 400 मिलियन डॉलर यानी करीब 3400 करोड़ रुपये हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर इसकी जानकारी दी।

बोइंग 747-8 जंबो जेट अस्थायी तौर पर 40 साल पुराने अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक विमान एयर फोर्स वन की जगह ले सकता है, क्योंकि इसके एयर फोर्स वन से भी ज्यादा लग्जरी और हाईटेक होने का दावा किया जा रहा है।

हालांकि, कतर सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि अभी इस डील पर केवल विचार किया जा रहा है। माना जा रहा है कि ट्रंप के कतर आने पर इस उपहार की आधिकारिक घोषणा की जा सकती है।

आइए बताते हैं कि ट्रंप को कतर सरकार की ओर से गिफ्ट में मिलने वाले लग्जरी प्लेन बोइंग 747-8 की क्या खासियत है..

कतर सरकार की ओर से तोहफे में दिया जा रहा बोइंग 747-8 दुनिया का सबसे लंबा यात्री विमान है। इस विमान की लंबाई करीब 76.3 मीटर है, जोकि एयरबस 380 फ्लाइट से भी लंबा है। विमान में दो डेक हैं। ऊपरी डेक आमतौर पर वीवीआईपी बैठकों, निजी सुइट और ऑफिस स्पेस के लिए है, जबकि नीचे की डेक बैठने और अन्य सुविधाओं के लिए है।

टेक्नोलॉजी में भी आगे

एडवांस टेक्नोलॉजी वसे लैस इस विमान में अत्याधुनिक नेविगेशन और एक्वियोनिक्स सिस्टम लगे हैं। इसके अलावा, इसमें एवर मिड रिफ्यूलिंग और मिसाइल डिफेंस सिस्टम जोड़ने की कैपेसिटी भी है। बोइंग 747-8 एक बार ईंधन भरने के बाद 15,000 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक उड़ान भर सकता है।

## ब्रिटेन पीएम कीर स्टार्मर के घर में लगी आग, टेरर एंगल से जांच में एक आरोपी गिरफ्तार




नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तरी लंदन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के घर में आग लग गई थी। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, अब आगजनी के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है। ब्रिटेन पुलिस ने इस मामले में 21 साल के एक शख्स को गिरफ्तार किया है। शख्स पर प्रधानमंत्री की संपत्ति से कनेक्शन बताया जा रहा है।

बता दें कि यह आग सोमवार सुबह उनके निवास पर लगी थी। घटना के बाद मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड और पुलिस अधिकारियों ने आग पर काबू पाया।

क्या बोली ब्रिटेन पुलिस?

ब्रिटिश पुलिस का कहना है कि उन्होंने पीएम के लंदन वाले घर में आग लगने के मामले में जान को खतरे में डालने के इरादे से आगजनी करने के संदेह में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जहां प्रधानमंत्री कीर स्टारमर देश का नेतृत्व करने के लिए चुने जाने से पहले रहते थे। 21 वर्षीय इस युवक को मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है, हालांकि आग लगने के कारणों को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

आग की जांच जारी- इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन आग से एक दरवाजे को नुकसान पहुंचा है। जुलाई में पदभार ग्रहण करने के बाद से स्टार्मर प्रधानमंत्री के आधिकारिक डाउनिंग स्ट्रीट निवास में रह रहे हैं तथा पड़ोस में स्थित अपने पारिवारिक घर को किराए पर दिया है। पुलिस बल ने कहा कि आग की जांच की जा रही है और पूछताछ जारी रहने तक घेराबंदी की गई है। सोमवार को घर के बाहर पुलिस टीम की घेराबंदी दिखाई दी।

## टॉड ब्लैंच को मिला राष्ट्रपति ट्रंप को बचाने का इनाम



डिप्टी अटार्नी जनरल टाड ब्लैंच को राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप को बचाने का इनाम मिला है। उन्हें कांग्रेस का कार्यवाहक लाइब्रेरियन नियुक्त किया गया है। ब्लैंच ने 2024 के आपराधिक मुकदमे के दौरान ट्रंप का बचाव किया था।

ब्लैंच को नियुक्त किए जाने की जानकारी सोमवार को न्याय विभाग ने दी। ब्लैंच अब कार्ला हेडन की जगह लेंगे, जो लंबे समय से लाइब्रेरियन थीं।

पिछले सप्ताह व्हाइट हाउस ने कुछ रूढ़िवादियों की आलोचना के बीच कार्ला को हटा दिया गया था। उन पर जागृत (वोक) एजेंडा को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया गया था।

### *कार्ला को पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने किया था नियुक्त*

कार्ला को 2015 में डेमोक्रेटिक राष्टपति बराक ओबामा ने नामित किया था। टॉड ब्लैंच एक पूर्व संघीय अभियोजक हैं। उन्होंने बाइडन प्रशासन के दौरान न्याय विभाग द्वारा लाए गए दो बड़े मामलों में ट्रंप का बचाव किया था। वे न्यूयार्क के हश मनी केस में ट्रंप की बचाव टीम में एक प्रमुख व्यक्ति थे। इस केस में ट्रंप को 34 अपराधों का दोषी पाया गया था।

## शेख हसीना को लगा बड़ा झटका, अंतरिम सरकार ने आवामी लीग पार्टी पर लगाया बैन



नई दिल्ली (एजेंसी)। बाग्लादेश की अंतरिम सरकार ने आधिकारिक तौर से अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग को बैन कर दिया। दो दिन पहले मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने कानून के पिछले संस्करण के तहत इसकी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, बांग्लादेश के गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम ने सोमवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि इस संबंध में आज एक गजट अधिसूचना जारी की गई है।

शेख हसीना की पार्टी को क्यों किया गया बैन- बांग्लादेश के गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि अधिसूचना के अनुसार, अवामी लीग और इसके संबद्ध संगठनों को बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) द्वारा इसके नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा पूरा होने तक आतंकवाद विरोधी अधिनियम 2025 के तहत प्रतिबंधित कर दिया गया है।

बताया जाता है कि उन्होंने कहा

## पेंसिल्वेनिया में सड़क हादसे में दो भारतीय छात्रों की मौत, बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई थी कार




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में हुए एक सड़क हादसे में दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि कार दुर्घटना में दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई, जब उनकी कार एक पेड़ से टकराने के बाद पुल से जा टकराई।

दुर्घटना में एक व्यक्ति हुआ घायल- अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में वाहन की अगली सीट पर बैठा एक अन्य यात्री घायल हो गया और उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। खबर मिलने के बाद न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने घटना पर शोक जताया। दूतावास ने पोस्ट किया,

क्लीवलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी के दो भारतीय छात्रों, मानव पटेल (20) और सौरव प्रभाकर (23) की दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जिसके बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवारों के साथ हैं।

पीड़ित परिवारों के संपर्क में है भारतीय दूतावास- बता दें कि वाणिज्य दूतावास परिवारों के संपर्क में है और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेकनॉक टाउनशिप में पेंसिल्वेनिया टर्नपाइक पर शनिवार सुबह 7 बजे एक वाहन दुर्घटना में युवा छात्रों की मौत हो गई।

दर्दनाक चोटों के कारण दोनों की मौत - लैंकेस्टर काउंटी कोरोनर के कार्यालय और पेंसिल्वेनिया राज्य पुलिस के अनुसार, पटेल और प्रभाकर की मौत तब हुई जब उनकी गाड़ी एक पेड़ से टकरा गई और बाद में एक पुल से जा टकराई। इसमें यह भी कहा गया कि प्रभाकर गाड़ी चला रहा था।

पुलिस का कहना है कि दोनों लोगों की घटनास्थल पर ही कई दर्दनाक चोटों के कारण मौत हो गई। दोनों मौतों को दुर्घटनावश माना गया।

## ट्रंप के मिडिल ईस्ट दौरे से पहले विदेश मंत्रालय का बड़ा एलान, UAE को अरबों के हथियार पैकेज के लिए दी हरी झंडी



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप मिडिल ईस्ट की यात्रा शुरू करने वाले हैं। इससे पहले स्के विदेश मंत्रालय ने एक बड़े हथियार पैकेज को मंजूरी दे दी है। संयुक्त अरब अमीरात के लिए 1.4 बिलियन डॉलर के हथियार बेचने की मंजूरी दे दी गई।

मंजूरी के अनुसार, यूएई 1.32 बिलियन डॉलर की लागत से 6 CH-47F चिनूक हेलीकॉप्टर खरीदेगा। साथ ही UAE F-16 फाइटर जेट्स के पार्ट्स और अन्य रखरखाव सेवाओं के लिए लगभग 130 मिलियन डॉलर खर्च करेगा।

इससे क्या मिलेगा फायदा- विदेश मंत्रालय ने इस पैकेज से होने वाले फायदे पर भी बात की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, ये बिक्री अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों को बढ़ावा देने में मदद करेगी। साथ ही यूएई की रक्षा क्षमताएं भी इससे बढ़ेगी। इस समझौते से दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग विश्वास और मजबूत होने की उम्मीद है।

ये हथियार पैकेज दोनों देशों के बीच कनेक्शन को और मजबूत करने का हिस्सा है। यूएई पहले से ही अमेरिकी हथियारों का एक प्रमुख खरीदार है, इस समझौते के जरिए से अपनी सैन्य क्षमताओं को और बढ़ाएगा।

सऊदी अरब जाएंगे ट्रंप- अमेरिकी राष्टपति खाड़ी दौरे के पहले चरण में आज 13 मई को सऊदी अरब पहुंचेंगे। इसके बाद वो कतर और श्र जाएंगे। ट्रंप की नजर इन खाड़ी देशों के साथ बिजनेस डील करने पर होगी, अपने तीन देशों के यात्रा के दौरान वह आर्थिक और कूटनीतिक मुद्दों को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

## अब आसानी से नहीं मिलेगी ब्रिटेन की नागरिकता, पीएम स्टार्मर ने की नई नीति की घोषणा; बदल जाएंगे ये नियम



नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटेन की नागरिकता अब आसानी से नहीं मिल सकेगी। अब प्रवासियों के लिए नागरिकता प्राप्त करने की प्रतीक्षा अवधि पांच से बढ़ाकर 10 कर दी गई है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने सोमवार को प्रवासन पर सख्त नई नीति की घोषणा की। इस कदम का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में आव्रजन के आंकड़ों में उल्लेखनीय कमी सुनिश्चित करना है।

इस नई नीति का भारतीय समेत दुनियाभर के प्रवासियों पर असर पड़ेगा। संसद में प्रवासन पर बहुप्रतीक्षित श्वेत पत्र पेश किए जाने से पहले प्रेस कान्फ्रेंस में स्टार्मर ने पिछली कंजरवेटिव पार्टी की सरकार पर सीमाएं खुली रखने का प्रयोग कर गड़बड़ी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, प्रवासन प्रणाली को कड़ा किया जाएगा ताकि हमारे पास अधिक नियंत्रण हो।

नई नीति के बाद बदल जाएगी ये व्यवस्था- उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था के तहत ब्रिटेन में पांच साल तक रहने वाले भारतीयों सहित किसी भी व्यक्ति के लिए स्वत बसने और नागरिकता प्राप्त करने की मौजूदा व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। इसके बजाय, सभी प्रवासियों को स्थायी निवास के लिए आवेदन करने से पहले ब्रिटेन में एक दशक बिताना होगा, जब तक कि वे अर्थव्यवस्था और समाज में वास्तविक और स्थायी योगदान नहीं दिखा दें। अत्यधिक कुशल व्यक्तियों, जैसे नर्स, डाक्टर, इंजीनियर और एआइ लीडर, जो ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में योगदान करते हैं के आवेदन पर शीघ्रता से विचार होगा।

# RFID चिप वाले ई-पासपोर्ट कितने सुरक्षित?




नई दिल्ली (एजेंसी)। 1 अप्रैल 2024 से भारत ने पासपोर्ट सेवा प्रोग्राम 2.0 के तहत चिप आधारित पासपोर्ट जारी करने शुरू कर दिए हैं। इसकी शुरुआत चेन्नई, हैदराबाद और अमृतसर समेत 12 शहरों के पासपोर्ट दफ्तरों से की गई है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार ई-पासपोर्ट जारी होने के बाद लोगों के लिए जाली पासपोर्ट बनाना मुश्किल हो जाएगा। वहीं, ई-पासपोर्ट से इमिग्रेशन काउंटर पर व्यक्ति की पहचान का सत्यापन भी तेजी से किया जा सकेगा।

चिप में क्या-क्या होगा- नए पासपोर्ट में एक गोल्ड चिप देखने को मिलेगी, जिसमें रेडियो फ्रिक्वेंसी आईडेंटिफिकेशन मौजूद रहेगा। इस चिप में पासपोर्ट धारक की फोटो, फिंगर प्रिंट और आईरिस स्कैन समेत पूरा बायोमेट्रिक डेटा मौजूद रहेगा।

ICAO के नियमों का पालन- यह पासपोर्ट अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के द्वारा दिए गए वैश्विक मानकों का पालन करता है। इस चिप में व्यक्ति के डिजिटल हस्ताक्षर भी मौजूद रहेंगे। ICAO सभी देशों को इसके सत्यापन की अनुमति देता है। हालांकि, ICAO के अनुसार, किसी भी व्यक्ति के पर्सनल डेटा को उजागर नहीं किया जा सकता है। ऐसे में ई-पासपोर्ट को लेकर कई सवाल हैं, जिनके जवाब अभी तक सामने नहीं आए हैं।

## पूर्व सांसद नवनीत राणा को मिली जान से मारने की धमकी, पाकिस्तान से आया था फोन



नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व सांसद नवनीत राणा ने सोमवार को दावा किया कि उन्हें पाकिस्तान से काल कर जान से मारने की धमकी दी गई है। राणा ने खार पुलिस को बताया कि उन्हें रविवार को कई पाकिस्तानी नंबरों से काल आई थीं। इसके बाद पुलिस ने शिकायत दर्ज की।

पुलिस ने नहीं दर्ज की शिकायत- एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक एफआइआर दर्ज नहीं की गई है। पुलिस के अनुसार गैर-संज्ञेय शिकायतों में पुलिस बिना अदालत के आदेश के जांच शुरू नहीं कर सकती।

ऑपरेशन सिंदूर पर दिया था रिएक्शन- पाकिस्तान और भारत के बीच हुई 3 दिन के संघर्ष पर नवनीत राणा का रिएक्शन खूब वायरल हो रहा था। नवनीत राणा ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को खरी खोटी सुनाई थी।

बता दें कि नवनीत राणा पहली बार 2019 में अमरावती सीट से एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में लोकसभा के लिए चुनी गई थीं। 2024 के आम चुनावों में उन्होंने उसी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा, लेकिन कांग्रेस के उम्मीदवार बलवंत वानखड़े से हार गईं।

## यमुना नदी पर तटबंध निर्माण की होगी गहन जांच, सुप्रीम कोर्ट का CEC को सख्त निर्देश



नई दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति से उस याचिका में उठाए गए मुद्दों की जांच करने को कहा है जिसमें आरोप लगाया गया है कि खनन गतिविधि को सुविधाजनक बनाने के लिए हरियाणा के यमुनानगर में कलेसर वन्यजीव अभयारण्य के पास यमुना नदी पर तटबंध का निर्माण किया गया था।

मई 2002 में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, सीईसी का गठन किया गया था, ताकि न्यायालय के निर्देशों के क्रियान्वयन की निगरानी की जा सके। ये निर्देश अतिक्रमण हटाने, कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन, वृक्षारोपण और अन्य संरक्षण मुद्दों के संबंध में दिए गए थे।

यमुना पर तटबंध बनाने का मामला- यमुना पर तटबंध बनाने का यह मामला न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया था।

आवेदक की ओर से पेश हुए अधिवक्ता गौरव कुमार बंसल ने पीठ को बताया कि वन्यजीव अभयारण्य के पास नदी पर तटबंध बनाया गया था, जिसके परिणामस्वरूप नदी का प्रवाह हरियाणा से उत्तर प्रदेश की ओर मुड़ गया। उन्होंने दावा किया कि यह अनियमित खनन गतिविधि को सुविधाजनक बनाने के लिए किया गया था।

## किसी का हाथ टूटा, तो कोई बुरी तरह जख्मी... आसिम मुनीर ने ही दिखाई भारत से पिटे पाक जवानों की हालत



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान से अपना बदला पूरा कर लिया है। भारत ने पाक में पल रहे आतंकियों का नाश तो किया ही, साथ में पड़ोसी मुल्क को उसकी औकात भी दिखा दी।

अब ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाक के हमलों के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई में पड़ोसी मुल्क का क्या हाल हुआ ये खुद उसके जनरल मुनीर ने सामने ला दिया है।

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं से बुरी तरह मात खाने के बाद पाकिस्तानी सेना के जनरल आसिम मुनीर अपनी अकड़ दिखाने के लिए सैनिकों से मिलने अस्पताल पहुंचे। इसका वीडियो खूब वायरल भी हुआ, लेकिन इसमें मुनीर के सैनिक भारत की कार्रवाई से बुरी तरह पिटे हुए दिखे। किसी का हाथ टूटा था तो कोई बुरी तरह जख्मी था।

शेखी बघारते दिखे मुनीर- सोमवार को शेखी बघारते हुए मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाएं दृढ़ संकल्पित हैं और कोई शत्रुतापूर्ण योजना उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकती।

जनरल मुनीर ने यह टिप्पणी रावलपिंडी के संयुक्त सैन्य अस्पताल के दौरे के दौरान की, जहां वे भारत के हमलों में घायल सैनिकों और नागरिकों का हालचाल जानने आए थे। सेना द्वारा जारी बयान के अनुसार, उन्होंने घायल कर्मियों से मुलाकात की। इस मौके पर मुनीर ने कहा कि पूरा देश अपनी सशस्त्र सेनाओं के साथ एकजुट है।

पाकिस्तान सेना का भी आया बयान- इस बीच पाकिस्तान सेना ने ऑपरेशन बुनयानुम मर्सूस, ऑपरेशन मरका-ए-हक (सत्य की लड़ाई) का हिस्सा था, जो भारत द्वारा पाकिस्तान के अंदर हमलों के बाद शुरू हुआ था। पाकिस्तान सेना ने सोमवार को एक बयान में कहा कि 10 मई को मरका-ए-हक के हिस्से के रूप में ऑपरेशन बुनयानुम मर्सूस (लोहे की दीवार) का संचालन भारतीय हमलों के जवाब में किया गया था, जो छह और सात मई की रात को शुरू हुए थे।

## जम्मू, श्रीनगर, अमृतसर से भुज तक... पाक से सटे शहरों में कई फ्लाइट्स रद




नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान में तनाव बढ़ गया। दोनों देशों में संघर्ष के चलते भारत में कई एयरपोर्ट बंद कर दिए गए। हालांकि, सीजफायर के बाद दोनों देशों की हवाई सेवा पहले जैसी हो गई। अब शांति के बाद पाक एक बार फिर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।

बीती रात पंजाब, राजस्थान और जम्मू के कई इलाकों में ड्रोन देखा गया, जिसके बाद एयरलाइन कंपनियां सजग हो गई और लोगों के लिए नई एडवाइजरी जारी की। इंडिगो और एयर इंडिया ने कई शहरों में उड़ान पर रोक लगा दी है।

वहीं, पंजाब में कई स्कूल और कॉलेज आज भी बंद रहे। बीती रात कई इलाकों में ब्लैकआउट भी किया गया था।

एयर इंडिया ने इन फ्लाइट्स को किया रद - एयर इंडिया ने 13 मई को जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़, लेह, श्रीनगर, समेत 8 शहरों से आने-जाने वाली सभी उड़ानें रद कर दी हैं। कंपनी ने सुरक्षा का हवाला देते हुए एडवाइजरी जारी की है। कंपनी ने कहा कि हालिया घटनाक्रम को देखते हुए जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट में आने जाने वाली फ्लाइट रद कर दी गई है।

इसी के साथ यात्रियों को सलाह दी गई है कि फ्लाइट स्टेटस, रिबुकिंग, रिफंड के लिए एयरलाइन के सहायता संपर्क नंबर पर बात करें।

इंडिगो ने भी आज यानी 13 मई को जम्मू, अमृतसर, श्रीनगर, लेह, चंडीगढ़, राजकोट के लिए सभी फ्लाइट रद कर दी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कंपनी ने कहा कि हालिया घटनाओं के कारण हम यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं और इसी कारण जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़, लेह, श्रीनगर और राजकोट के लिए फ्लाइट्स 13 मई को रद्द कर दी गई हैं।

## क्या सीजफायर के लिए ट्रंप ने दी थी ट्रेड ना करने की धमकी? US राष्ट्रपति के बयान को भारत ने किया खारिज



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का एलान हो गया है। शनिवार को दोनों देशों के बीच सीजफायर पर बात बनी। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा दावा किया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक दावा में कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान से कहा था कि दोनों को इस संघर्ष को रोकना हो अन्यथा अमेरिका दोनों के साथ व्यापार नहीं करेगा। इस बीच भारत ने ट्रंप के इस दावे को खारिज किया है।

भारत ने किया ट्रंप के दावे खारिज- समाचार एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस दावे का तुरंत खंडन किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता समाप्त होने में व्यापार एक कारक था। दरअसल, सोमवार को पुष्टि की कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने 9 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 8 और 10 मई को विदेश मंत्री एस जयशंकर से और 10 मई को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से बात की, और व्यापार पर कोई चर्चा नहीं हुई। जानकारी दें कि ट्रंप के इस दावे से कि शत्रुता समाप्त होने के बाद वे दोनों देशों के साथ व्यापार में काफी वृद्धि करेंगे, बहस छिड़ गई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया था ये दावा- एएनआई के अनुसार, इससे पहले, स्वास्थ्य एवं मानव सेवा सचिव के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, ट्रंप ने दावा किया कि उनके प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बाद, दोनों परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच शत्रुता को तत्काल समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा, शनिवार को, मेरे प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता को तत्काल समाप्त करने में मदद की, मुझे लगता है कि यह स्थायी शत्रुता होगी -

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
हिन्दकुश मीडिया
jagrayam.com
online news magazine
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 कृष्ण द्वतीया


## संपादकीय

# पूरी दुनियाँ की नजरें भारत पाकिस्तान के अति तीव्र टेंशन पर लगी हुई है...



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की नजरें भारत पाकिस्तान के अति तीव्र टेंशन पर लगी हुई है, भारत ने पहलगाम घटना की जवाबी कार्यवाही ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक ने अनेकों स्थानों पर मिसाइलें दागी, जिसके जवाब में भारतीय आर्मी ने अनेकों ड्रोन, मिसाइल नाकाम कर दी है, अब हमारा डिफेंस सिस्टम सभी एजेंसयाँ अलर्ट मोड में है, अनेकों राज्यों के अनेकों शहरों में ब्लैकआउट घोषित कर दिया गया है।लगातार सायरन बज रहे हैं, हमारे पूरे मीडिया के साथी दिन रात पैनी नज़र रखे हुए हैं, मैं भी लगातार करीब 20 घंटे पूरी घटनाओं पर नजर रखे हुए हूं। आज सुबह 6 तक संचार माध्यमों में आई पूरी जानकारी के आधार पर यह विशेष रिपोर्ट तैयार किया हूं।संयुक्त राष्ट्र सहित पूरी दुनियाँ के देश इस टेंशन पर नजर बनाए हुए हैं, पाकिस्तान पर भारत की प्रचंड जवाबी प्रहार जारी है, एलओसी पर मुँहतोड़ जवाबी कार्रवाई की जा रही है, पंजाब राजस्थान जम्मू कश्मीर गुजरात के अनेक शहरों में ब्लैक आउट कर दिया गया है। पाक ने अमेरिका से गुहार के बाद अमेरिका ने कहा भारत और पाकिस्तान आपस में निपटो, यानें अमेरिका ने हाथ झटक दिये हैं, मदद से इनकार कर दिया है। पाक़ द्वारा बॉर्डर पर समझौते के उल्लंघन लगातार कर रहाहै व बिना कारण जोरदार फायरिंग कर रहा है तथा भारत की जवाबी कार्रवाई से खलबली मची हुई है।चूँकि भारत द्वारा डिफेंस सिस्टम सहित लाहौर पेशावर के बाद अब कराची पोर्ट को भी तबाह कर दिया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत क़ी जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान में खलबली, पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम सहित कई पोर्ट तबाह कर दिए गए हैं। व भारत- पाकिस्तान टेंशन,भारत का ताबड़तोड़ जवाबी एक्शन, छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं।

साथियों बात अगर हम भारत के अनेकों राज्यों में ब्लैकआउट को समझने की करें तो,भारतसरकार के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान की हालत खिसियानी बिल्ली जैसी हो गई है। भारतीय सेनाओं की मुस्तैदी को देखते हुए पाकिस्तान और कुछ न कर पाए लेकिन साइबर ड्रोन और मिसाइल अटैक बहुत बढ़ा सकता है।पंजाब के बॉर्डर इलाकों में पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन अटैक किया गया है, पाकिस्तान की तरफ से पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन को भी निशाना बनाया गया।पाकिस्तान ने जम्मू से लेकर जैसलमेर तक ड्रोन और मिसाइल से हमला किया है, भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने इन हमलों को नाकाम कर दिया है, जम्मू में पाक ने ड्रोन से एयरपोर्ट को निशाना बनाने की कोशिश की,पाकिस्तान की ओर से जम्मू से लेकर राजस्थान के जैसलमेर तक ड्रोन और मिसाइल से हमला किए गए। पाकिस्तान की ओर से किए गए इस ड्रोन अटैक के कारण जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब के कई शहरों में ब्लैक आउट कर दिया गया है,कुपवाड़ा में भी सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट किए जाने की खबर सामने आई है, हालांकि भारतीय सुरक्षा बलों की ओर से सामने आई जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के ड्रोन अटैक को नाकाम कर दिया गया है। जम्मू ,सांबा, पठानकोट और आरएस पूरा में पाक ड्रोन और मिसाइल से हमला किया गया है,इंटरनेशनल बॉर्डर पर भीषण गोलाबारी की जा रही है, पाक मिसाइल और ड्रोन को मार गिराने में 400 का इस्तेमाल का किया गया है। साथियों बात अगर हम भारत पाक के बीच जंग के हालात आज 9 मई 2025 के सुबह 6 तक जानने की करें तो, भारत- पाकिस्तान के बीच जंग के हालात, जानिए ताजा अपडेट (1) जम्मू में सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट (2) ड्रोन से हमले की कोशिश को किया नाकाम (3) एयर डिफेंस सिस्टम ने हमले को नाकाम किया (4) इंटरनेशनल बॉर्डर पर पाक की ओर से भारी गोलीबारी (5) कुपवाड़ा में भी सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट (6) नागरिकों से घर से अंदर रहने को कहा गया है। (7) पाकिस्तान के ड्रोन अटैक का वीडियो भी सामने आया है।

# सुखदेव



सुखदेव को भारत के उन प्रसिद्ध क्रांतिकारियों और बलिदानियों में गिना जाता है, जिन्होंने अल्पायु में ही देश के लिए बलिदान दिया। सुखदेव का पूरा नाम सुखदेव थापर था। देश के और दो अन्य क्रांतिकारियों- भगत सिंह और राजगुरु के साथ उनका नाम जोड़ा जाता है। ये तीनों ही देशभक्त क्रांतिकारी आपस में अच्छे मित्र और देश की आजादी के लिए अपना सर्वत्र न्यौछावर कर देने वालों में से थे। 23 मार्च, 1931 को भारत के इन तीनों वीर नौजवानों को एक साथ फ़ाँसी दी गई।जन्म तथा परिवार

सुखदेव का जन्म 15 मई, 1907 को गोपरा, लुधियाना, पंजाब में हुआ था। उनके पिता का नाम रामलाल थापर था, जो अपने व्यवसाय के कारण लायलपुर (वर्तमान फैसलाबाद, पाकिस्तान) में रहते थे। इनकी माता रल्ला देवी धार्मिक विचारों की महिला थीं। दुर्भाग्य से जब सुखदेव तीन वर्ष के थे, तभी इनके पिताजी का देहांत हो गया। इनका लालन-पालन इनके ताऊ लाला अचिन्त राम ने किया। वे आर्य समाज से प्रभावित थे तथा समाज सेवा व देशभक्तिपूर्ण कार्यों में अग्रसर रहते थे। इसका प्रभाव बालक सुखदेव पर भी पड़ा। जब बच्चे गली-मोहल्ले में शाम को खेलते तो सुखदेव अस्पृश्य कहे जाने वाले बच्चों को शिक्षा प्रदान करते थे।

### भगत सिंह से मित्रता

सन 1919 में हुए जलियाँवाला बाग़ के भीषण नरसंहार के कारण देश में भय तथा उत्तेजना का वातावरण बन गया था। इस समय सुखदेव 12 वर्ष के थे। पंजाब के प्रमुख नगरों में मार्शल लॉ लगा दिया गया था। स्कूलों तथा कालेजों में तैनात ब्रिटिश अधिकारियों को भारतीय छात्रों को सैल्यूट करना पड़ता था। लेकिन सुखदेव ने दृढ़तापूर्वक ऐसा करने से मना कर दिया, जिस कारण उन्हें मार भी खानी पड़ी। लायलपुर के सनातन धर्म हाईस्कूल से मैट्रिक पास कर सुखदेव ने लाहौर के नेशनल कालेज में प्रवेश लिया। यहाँ पर सुखदेव की भगत सिंह से भेंट हुई। दोनों एक ही राह के पथिक थे, अत~ शीघ्र ही दोनों का परिचय गहरी दोस्ती में बदल गया। दोनों ही अत्यधिक कुशाग्र और देश की तत्कालीन समस्याओं पर विचार करने वाले थे। इन दोनों के इतिहास के प्राध्यापक जयचन्द्र विद्यालंकार थे, जो कि इतिहास को बड़ी देशभक्तिपूर्ण भावना से पढ़ाते थे। विद्यालय के प्रबंधक भाई परमानन्द भी जाने-माने क्रांतिकारी थे। वे भी समय-समय पर विद्यालयों में राष्ट्रीय चेतना जागृत करते थे। यह विद्यालय देश के प्रमुख विद्वानों के एकत्रित होने का केन्द्र था तथा उनके भी यहाँ भाषण होते रहते थे।

### क्रांतिकारी जीवन

वर्ष 1926 में लाहौर में नौजवान भारत सभा का गठन हुआ। इसके मुख्य योजक सुखदेव, भगत सिंह, यशपाल, भगवती चरण व जयचन्द्र विद्यालंकार थे। असहयोग आन्दोलन की विफलता के पश्चात् नौजवान भारत सभा ने देश के नवयुवकों का ध्यान आकृष्ट किया। प्रारम्भ में इनके कार्यक्रम नौतिक, साहित्यिक तथा सामाजिक विचारों पर विचार गोष्ठियाँ करना, स्वदेशी वस्तुओं, देश की एकता, सादा जीवन, शारीरिक व्यायाम तथा भारतीय संस्कृति तथा सभ्यता पर विचार आदि करना था। इसके प्रत्येक सदस्य को शपथ लेनी होती थी कि वह देश के हितों को सर्वोपरि स्थान देगा। परन्तु कुछ मतभेदों के कारण इसकी अधिक गतिविधि न हो सकी। अप्रैल, 1928 में इसका पुनर्गठन हुआ तथा इसका नाम नौजवान भारत सभा ही रखा गया तथा इसका केन्द्र अमृतसर बनाया गया।

### केंन्द्रीय समिति का निर्माण

सितम्बर, 1928 में ही दिल्ली के फ़िरोजशाह कोटला के खण्डहर में उत्तर भारत के प्रमुख क्रांतिकारियों की एक गुप्त बैठक हुई। इसमें एक केंन्द्रीय समिति का निर्माण हुआ। संगठन का नाम हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी रखा गया। सुखदेव को पंजाब के संगठन का उत्तरदायित्व दिया गया। सुखदेव के परम मित्र शिव वर्मा, जो प्यार में उन्हें विलेजर कहते थे, के अनुसार भगत सिंह दल के राजनीतिक नेता थे और सुखदेव संगठनकर्ता, वे एक-एक ईंट रखकर इमारत खड़ी करने वाले थे। वे प्रत्येक सहयोगी की छोटी से छोटी आवश्यकता का भी पूरा ध्यान रखते थे। इस दल में अन्य प्रमुख व्यक्त थे-

साइमन कमीशन के भारत आने पर हर ओर उसका तीव्र विरोध हुआ। पंजाब में इसका नेतृत्व लाला लाजपत राय कर रहे थे। 30 अक्तूबर को लाहौर में एक विशाल जुलूस का नेतृत्व करते समय वहाँ के डिप्टी सुपरिटेन्डेन्ट स्कार्ट के कहने पर सांडर्स ने लाठीचार्ज किया, जिसमें लालाजी घायल हो गए। पंजाब में इस पर तीखी प्रतिक्रिया हुई। 17 नवम्बर, 1928 को लाला जी का देहांत हो गया। उनके शोक में स्थान-स्थान पर सभाओं का आयोजन किया गया। सुखदेव और भगत सिंह ने एक शोक सभा में बदला लेने का निश्चय किया। एक महीने बाद ही स्कार्ट को मारने की योजना थी, परन्तु गलती से उसकी जगह सांडर्स मारा गया। इस सारी योजना के सूत्रधार सुखदेव ही थे। वस्तुत~ सांडर्स की हत्या चितरंजन दास की विधवा बसन्ती देवी के कथन का सीधा उत्तर था, जिसमें उन्होंने कहा था, क्या देश में कोई युवक नहीं रहा? सांडर्स की हत्या के अगले ही दिन अंग्रेज़ी में एक पत्रक बांटा गया, जिसका भाव था लाला लाजपत राय की हत्या का बदला ले किया गया।

### गिरफ्तारी

8 अप्रैल, 1929 को भगत सिंह व बटुकेश्वर दत्त ने ब्रिटिश सरकार के बहरे कानों में आवाज़ पहुँचाने के लिए दिल्ली में केन्द्रीय असेम्बली में बम फेंककर धमाका किया। स्वाभाविक रूप से चारों ओर गिरफ्तारी का दौर शुरू हुआ। लाहौर में एक बम बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई, जिसके फलस्वरूप 15 अप्रैल, 1929 को सुखदेव, किशोरी लाल तथा अन्य क्रांतिकारी भी पकड़े गए। सुखदेव चेहरे-मोहरे से जितने सरल लगते थे, उतने ही विचारों से दृढ़ व अनुशासित थे। उनका गांधी जी की अहिंसक नीति पर जरा भी भरोसा नहीं था। उन्होंने अपने ताऊजी को कई पत्र जेल से लिखे। इसके साथ ही महात्मा गांधी को जेल से लिखा उनका पत्र ऐतिहासिक दस्तावेज है, जो न केवल देश की तत्कालीन स्थिति का विवेचन करता है, बल्कि कांग्रेस की मानसिकता को भी दर्शाता है। उस समय गांधी जी अहिंसा की दुहाई देकर क्रांतिकारी गतिविधियों की निंदा करते थे। इस पर कटाक्ष करते हुए सुखदेव ने लिखा, मात्र भावुकता के आधार पर की गई अपीलों का क्रांतिकारी संघर्षों में कोई अधिक महत्व नहीं होता और न ही हो सकता है।

### सच्चे राष्ट्रवादी

सुखदेव ने तत्कालीन परिस्थितियों पर गांधी जी एक पत्र में लिखा, आपने अपने समझौते के बाद अपना आन्दोलन (सविनय अवज्ञा आन्दोलन) वापस ले लिया है और फलस्वरूप आपके सभी बंदियों को रिहा कर दिया गया है, पर क्रांतिकारी बंदियों का क्या हुआ? 1915 से जेलों में बंद गदर पार्टी के दर्जनों क्रांतिकारी अब तक वहीं सड़ रहे हैं। बावजूद इस बात के कि वे अपनी सजा पूरी कर चुके हैं। मार्शल लॉ के तहत बन्दी बनाए गए अनेक लोग अब तक जीवित दफनाए गए से पड़े हैं। बब्बर अकालियों का भी यही हाल है। देवगढ़, काकोरी, महुआ बाज़ार और लाहौर षड्यंत्र केस के बंदी भी अन्य बंदियों के साथ जेलों में बंद है।

एक दर्जन से अधिक बन्दी सचमुच फाँसी के फंदों के इन्तजार में हैं। इन सबके बारे में क्या हुआ? सुखदेव ने यह भी लिखा, भावुकता के आधार पर ऐसी अपीलें करना, जिनसे उनमें पस्त-हिम्मती फैले, नितांत अविवेकपूर्ण और क्रांति विरोधी काम है। यह तो क्रांतिकारियों को कुचलने में सीधे सरकार की सहायता करना होगा। सुखदेव ने यह पत्र अपने कारावास के काल में लिखा। गांधी जी ने इस पत्र को उनके बलिदान के एक मास बाद 23 अप्रैल, 1931 को यंग इंडिया में छापा।

# ट्रंप ने क्यों दिया दवा कंपनियों को 90% तक दाम घटाने का आदेश?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक आदेश जारी किया। इसमें दवा कंपनियां को 30 दिन के भीतर प्रेसक्रिप्शन ड्रग्स के दाम घटाने के लिए कहा गया है। अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट कैनेडी जूनियर के नेतृत्व में अधिकारी अगले एक महीने के भीतर विभिन्न दवाओं की नई कीमतें तय करने के लिए कंपनियों से बात करेंगे।

अगर स्वास्थ्य मंत्रालय और दवा कंपनियों के बीच सहमति नहीं बन पाई तो वैसी स्थिति के लिए ट्रंप ने कैनेडी को कीमतों का एक नया नियम बनाने के लिए कहा है। उस नियम में कुछ ऐसा होगा कि अमेरिका में किसी दवा की कीमत बाकी देशों में उस दवा की सबसे कम कीमत के बराबर होगी।

चौंकाने वाला है दाम घटाने के आदेश का कारण- आम तौर पर सरकारें इस तरह का फैसला किसी स्टडी रिपोर्ट के आधार पर करती हैं। ट्रंप ने भी टैरिफ को लेकर जो फैसले किए हैं, उनके बारे में पहले स्टडी की गई। लेकिन दवाओं के दाम घटाने के आदेश के पीछे कारण जानकर आपको हैरानी होगी। प्रेस कांफ्रेंस में ट्रंप ने खुद कहा कि दवाओं के दाम घटाने का उनका फैसला कुछ हद तक उनके एक बिजनेसमैन दोस्त से बातचीत पर आधारित है। ट्रंप के वे दोस्त मोटापा कम करने की दवा लेते हैं। ट्रंप ने कहा, मेरे दोस्त ने मुझे फोन किया। बताया कि मैं लंदन में हूं। मैंने 88 डॉलर में वह दवा खरीदी है। न्यूयॉर्क में मैं यह दवा 1300 डॉलर में खरीदता था। दोनों जगहों पर मिलने वाली दवा एक ही कंपनी के एक ही प्लांट में बनी हुई है। दवा का बॉक्स भी एक है।÷ ट्रंप ने अपने उस दोस्त और दवा का नाम नहीं बताया।

टैरिफ लगाने की भी धमकी- ट्रंप ने कहा कि हम यूरोप के बराबर दवा की कीमत चुकाएंगे। उन्होंने कहा कि दवाओं के दाम 59% से लेकर 90% के बीच कम होने चाहिए। यही नहीं, अगर अमेरिका में दवाओं के दाम दूसरे देशों के बराबर नहीं हुए तो कंपनियों पर टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका प्रेसक्रिप्शन ड्रग्स की सबसे अधिक कीमत चुकाता है। दूसरे विकसित देशों की तुलना में यहां इनकी कीमत औसतन तीन गुना है।

## 6 साल के निचले स्तर पर पहुंची महंगाई, खाद्य वस्तुओं की नरमी का दिखा असर



नई दिल्ली (एजेंसी)। महंगाई के मोर्चे पर अच्छी खबर है। खुदरा महंगाई दर मार्च की तुलना में अप्रैल में घटकर 3.16 प्रतिशत रहा है। इससे पहले मार्च के महीने में यह 3.34 प्रतिशत था। खुदरा महंगाई दर में नरमी के पीछे खाद्य वस्तुओं की कीमतों का कम होना है। बता दें, अप्रैल के महीने में रिटेल इंफ्लेशन 6 साल के अपने न्यूनतम स्तर पर है।

अप्रैल का महीना लगातार तीसरा महीना रहा जब खुदरा महंगाई दर 4 प्रतिशत के नीचे रही है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का 4 प्रतिशत से कम इंफ्लेशन रहने पर जोर रहता है।

लू की वजह से देश की कटाई थोड़ी सी प्रभावित हुई है। लेकिन कटाई का सीजन पूरा होने से एक बड़ी आबादी को राहत मिली है।

महंगाई के आंकड़े नियंत्रित रहने पर रिजर्व बैंक अब ब्याज दरों में कटौती का फैसला ले सकता है। जिससे इकनॉमिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। पिछले महीने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर ने कहा था कि महंगाई में लगातार गिरावट का ट्रेंड़ देखने को मिल रहा है।

## शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद इन डिफेंस स्टॉक में आया जबरदस्त उछाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। बाजार के मुख्य इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में भारी बिकवाली हो रही है। अभी लिखते समय दोपहर 12.34 बजे बीएसई सेंसेक्स में 871 अंक की गिरावट है। ये अभी 81,558 पर ट्रेड कर रहा है।

इसके साथ ही दोपहर 12.05 बजे एनएसई निफ्टी 200 अंक लुढ़का हुआ है। ये 24,719 पर ट्रेड कर रहा है। शेयर बाजार में इस गिरावट के बावजूद डिफेंस स्टॉक्स कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं। चलिए जानते हैं कि किन स्टॉक में खरीदारी का माहौल है।

Bharat Dynamics- भारत डायनामिक्स का शेयर डिफेंस स्टॉक में सबसे आगे चल रहा है। इसके शेयर में 7.61 फीसदी की बढ़ोतरी है। भारत डायनामिक्स के शेयर में दोपहर 12.08 बजे 119.40 रुपये की बढ़त है। दोपहर 12.09 बजे बीएसई सेंसेक्स में भारत डायनामिक्स 1688 रुपये प्रति शेयर चल रहा है।

एनएसई निफ्टी में इसके शेयर का दाम 1686 रुपये प्रति शेयर चल रहा है। इसके शेयर में 7.40 फीसदी की बढ़ोतरी है।

Bharat Electronics- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर में अभी 4.46 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। बीएसई सेंसेक्स में इसके शेयर की कीमत 337.20 प्रति शेयर चल रहा है। इसमें आज 14.55 रुपये का उछाल आया है। एनएसई निफ्टी में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के एक शेयर की कीमत 337.40 रुपये चल रही है। इसके शेयर में 4.52 फीसदी की बढ़त है।

Zen Technologies- बीएसई सेंसेक्स में जेन टेक्नोलॉजी के एक शेयर की कीमत 1546 रुपये चल रही है। इसके शेयर में दोपहर 12.19 बजे 4.76 फीसदी की बढ़त है। ये स्टेज 1 कैटेगरी के शेयर है।

## भारत का अमेरिका पर पलटवार, अमेरिकी आयात पर लगेगा रिटेलिएटरी टैरिफ




नई दिल्ली (एजेंसी)। लंबे समय से हेकड़ी दिखा रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत ने भी आंख दिखा दी है। भारत ने WTO यानी World Trade Organisation को बताया है कि वह अमेरिका से आयात पर रिटेलिएटरी टैरिफ लगाने जा रहा है। यह कदम अमेरिका द्वारा भारतीय स्टील और एल्युमिनियम पर लगाए गए टैरिफ के जवाब में उठाया जा रहा है।

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक है। वहीं स्टील और एल्युमिनियम उत्पादनों के मामले में दुनिया में तीसरे नंबर आता है। अमेरिका द्वारा लगाया गया टैरिफ भारत की अर्थव्यवस्था को बड़े पैमाने में प्रभावित कर सकता है।

डब्ल्यूटीओ के नोटिफिकेशन के मुताबिक, अमेरिका का यह कदम भारत से अमेरिका को होने वाले 7.6 अरब डॉलर के निर्यात को प्रभावित करेगा और अमेरिकी सरकार को इससे 1.91 अरब डॉलर का राजस्व मिलेगा। भारत सरकार की ओर से संयुक्त राज्य अमेरिका में उत्पादित उत्पादों से समान शुल्क वसूला जाएगा। भारत अगले उचित कदमों के बारे में वस्तुओं के व्यापार के लिए परिषद और सुरक्षा समिति दोनों को सूचित करेगा।

किस नियम के तहत भारत ने उठाया कदम?- भारत ने डब्ल्यूटीओ एग्रीमेंट के आर्टिकल 12.5 के तहत यह नोटिस दिया है।

## फ्री या एनुअल चार्ज वाला, कौन-सा क्रेडिट कार्ड है आपके लिए सही?




नई दिल्ली (एजेंसी)। क्रेडिट कार्ड एक तरह से उधार ही है। इसमें आप पहले खर्चा कर, भुगतान बाद में करते हैं। अलग-अलग खर्चों के लिए अलग-अलग क्रेडिट कार्ड बनाए गए हैं। वहीं क्रेडिट कार्ड आमतौर पर दो तरह के होते हैं। इनमें फ्री और एनुअल चार्ज वाला कार्ड शामिल हैं।

अक्सर हमें ये कन्फ्यूजन रहती है कि फ्री या एनुअल चार्ज वाले क्रेडिट कार्ड में से कौन-सा लिया जाए। आपके लिए क्या बेहतर रहेगा। चलिए इसके बारे में डिटेल में बात करते हैं।

फ्री क्रेडिट कार्ड क्या है- क्रेडिट कार्ड के जरिए बस भुगतान से जुड़ा फायदा नहीं मिलता। बल्कि इसमें कैशबैक, रिवॉर्ड पॉइंट जैसे लाभ भी मिल जाते हैं। इन रिवॉर्ड पॉइंट को आप खरीदारी करते वक्त इस्तेमाल कर सकते हैं। फ्री क्रेडिट का मतलब ये है कि आपको इस कार्ड पर कोई सालाना मेंटेनेंस चार्ज नहीं देना होता है। हालांकि, खरीदारी करने के बाद तय समयसीमा में पूरा-पूरी भुगतान न करने पर आपको अच्छा खासा ब्याज चुकाना पड़ता है। ये फ्री क्रेडिट कार्ड उन लोगों के लिए अच्छा है, जो पहली बार इसका इस्तेमाल कर रहे हैं।

एनुअल चार्ज वाला क्रेडिट कार्ड क्या है - एनुअल चार्ज वाले क्रेडिट कार्ड वे होते हैं, जिसके इस्तेमाल करने पर आपको सालाना मेंटेनेंस फीस देनी होती है। ये फीस 500, 1000 और 2000 या इससे भी ज्यादा हो सकती है। ये आपके क्रेडिट कार्ड टाइप और सर्विस पर निर्भर करता है।

एनुअल क्रेडिट कार्ड जैसा कि इसके नाम से ही पता चलता है कि इसके सर्विस का उपयोग करने के लिए आपको शुल्क या चार्ज देना होगा। बैंक या वित्तीय संस्थान द्वारा ज्यादा फायदे एनुअल चार्ज वाले क्रेडिट कार्ड में दिया जाता है। वहीं इसमें रिवॉर्ड पॉइंट में भी ज्यादा मिलते हैं। अगर आप क्रेडिट कार्ड का ज्यादा उपयोग करते हैं, तो ये आपके लिए बेहतर रहेगा।

कौन-सा है आपके लिए बेहतर- अगर आप पहली बार क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करने जा रहे हैं। या इसका कम इस्तेमाल करते हैं, तो फ्री क्रेडिट कार्ड ज्यादा बेहतर रहेगा। क्योंकि एनुअल क्रेडिट कार्ड को चाहे इस्तेमाल करें या नहीं इसमें चार्ज या फीस देना पड़ता है।

क्रेडिट कार्ड का चयन करने से पहले अपने खर्चों का सही आकलन करना जरूरी है। आपको ये देखना होगा कि सबसे ज्यादा खर्च किस चीज पर हो रहा है। क्योंकि अलग-अलग खर्चों के हिसाब से क्रेडिट कार्ड डिजाइन किए जाते हैं।

## अभी भी है मौका, सोने के भाव में हल्की बढ़त; क्या है 24 कैरेट का दाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। एमसीएक्स में सोने के दाम में हल्की बढ़त या ना के बराबर बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कल यानी 12 मई सोमवार के दिन सोने के भाव में भारी गिरावट आई थी। 12 मई को 10 ग्राम सोने का दाम 3000 रुपये से भी ज्यादा गिरा था। हालांकि आज इसमें हल्की बढ़ोतरी आई है।

अभी खबर लिखते समय सुबह 9.16 बजे एमसीएक्स में 24 कैरेट सोने का भाव 92,885 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रहा है। वहीं अब तक सोने ने 92,877 प्रति 10 ग्राम पहुंचकर लो रिकॉर्ड बनाया है। इसके साथ ही सोने ने 92,970 रुपये का उच्च स्तर भी छुआ।

आज यानी 13 मई के दिन सोने के दाम में ना के बराबर बढ़त है। अगर आप भी सोना खरीदने का प्लान बना रहे हैं, तो इसके दाम में ज्यादा बढ़ोतरी आने से पहले खरीद लें।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# पिता ने तीन बेटियों के साथ खाया जहर, मौत; समोसा खिलाने ले गया था, तालाब किनारे पड़े मिले

दमोह। दमोह जिले के गैसाबाद थाना क्षेत्र के मुहरई गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पिता ने मंगलवार दोपहर तीनों बच्चियों के साथ कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। चारों को गंभीर हालत में हटा सिविल अस्पताल लाया गया, जहां चारों की मौत हो गई।

घटना का कारण अज्ञात है। इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। मृतक के ससुराल वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।शादी में शामिल होने गए थे मायके



जानकारी के अनुसार हरियाणा निवासी विनोद जाट (कंसोरिया) की शादी दमोह जिले के हटा ब्लॉक में आने वाले मोहरई गांव में हुई थी। उसकी तीन बच्चियां भी थीं। पत्नी जूली ने बताया उसके मायके में शादी थी, इसलिए पिछले महीने 25 अप्रैल को वह लोग बच्चों के साथ गांव आए थे।

मंगलवार सुबह पति विनोद अपनी तीनों बेटियों को समोसा खिलाने ले गया। कुछ देर बाद गांव के एक व्यक्ति ने आकर बताया कि दामाद और तीनो बच्चियां तालाब के पास बेहोश पड़े हैं। परिजन तालाब के पास पहुंचे, तो उनके मुंह से झाग निकल रहा था। चारों को इलाज के लिए हटा सिविल अस्पताल लाया गया।

डॉक्टर आरपी कोरी, डॉक्टर अमन श्रीवास्तव, डॉक्टर मनीष ने हरियाणा निवासी विनोद जाट (कंसोरिया), बेटी महक (2 वर्ष), खुशबू (4 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। 7 वर्षीय बेटी खुशी की हालत गंभीर होने पर दमोह जिला अस्पताल रेफर किया, जहां जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

### पति-पत्नी के बीच था विवाद

घटना काफी बड़ी है, लेकिन परिजन कुछ बताने तैयार नहीं है। पत्नी जूली ने सिर्फ इतना कहा कि दोनों के बीच विवाद था। यह नहीं बताया कि क्या विवाद था।

पति और तीनो बेटियों की मौत के बाद पत्नी कुछ बोलने की हालत में नहीं है। हटा में तीनों के शव को रखा गया है। दमोह में मृत हुई बेटी के शव को भी हटा भेजा गया है, जहां चारों का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### पिता और तीन बच्चियों की जहर खाने से मौत

हटा एसडीओपी प्रशांत सुमन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जिला अस्पताल पहुंचे दमोह सीएसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि परिजनों के बताए अनुसार पिता और तीन बच्चियों की मौत किसी जहरीले पदार्थ को खाने से हुई है। मामले की जांच की जा रही है। अभी वह कुछ बोलने की हालत में नहीं हैं।

# मध्य प्रदेश में मुंडन कार्यक्रम में बच्चों ने खाई मटका कुल्फी, 40 से ज्यादा बीमार



सीहोर। सीरोह जिले की जावर तहसील के गांव भाऊखेडा में मटका आइसक्रीम खाने से करीब 40 बच्चे गंभीर रूप से बीमार हो गए। परिजनों में एकाएक दहशत व्याप्त हुई और इन्हें फिर अलग-अलग अस्पतालों में तुरंत भर्ती करवाया गया, जहां इन बच्चो का इलाज जारी है।

सोमवार शाम को भाऊखेडा गांव में मामा के यहां मान उतारने के कार्यक्रम में यह बच्चे सम्मिलित थे। इसी दौरान यहां एक मटका कुल्फी वाला पहुंचा। बच्चों ने कुल्फी खाई। इसके लगभग आधा घंटे बाद इन्हें उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हो गई। एक-एक कर अधिकांश बच्चों की तबीयत बिगड़ी तो परिजन घबरा गए। बच्चों को जावर के निजी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया। वहीं कुछ को आष्टा में लाकर अलग अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया। लगभग 11 बच्चों को आष्टा के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया और आनन फानन में आष्टा के सिविल अस्पताल में डॉक्टरों को बुलाकर इनका इलाज शुरू किया गया।

अधिकारी भी पहुंचा, तीन स्थिति गंभीर स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे और इन बच्चों के स्वास्थ्य का हाल जाना। बताया जा रहा है कुल तीन बच्चो की स्थिति गंभीर है, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किए जाने की तैयारी चल रही है। बाकी बच्चे अब खतरे से बाहर हैं, जो स्वास्थ्य बताए जा रहे हैं।

# स्पेशल ट्रेनों में भी नहीं मिल रही कन्फर्म बर्थ, गरीब रथ की वेटिंग 100 पार



जबलपुर। गर्मी के अवकाश के साथ ही ट्रेनों पर यात्रियों का भार बढ़ गया है। सबसे ज्यादा मारामारी मुंबई की यात्रा को लेकर है। जबलपुर से मुंबई जाना हो या आना, कई स्पेशल ट्रेन चलने के बावजूद यात्रा की राह आसान नहीं है। अभी किसी भी ट्रेन में भी कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा है। जबलपुर से मुंबई के बीच सीधी एकमात्र गरीब रथ एक्सप्रेस संचालित होती है। इस ट्रेन में यात्रियों का दबाव इतना अधिक है कि प्रतीक्षा सूची सौ के पार जा रही है। पूरे महीने के लिए ट्रेन बुक है। पश्चिम मध्य रेलवे ने भी स्पेशल चलाई, समस्या अब भी ग्रीष्म अवकाश व विवाह का मौसम होने से पहले ही अतिरिक्त भार लेकर चल रही ट्रेनों पर दबाव और बढ़ गया है। रेलवे की ओर से उत्तर प्रदेश व बिहार से मुंबई के लिए जबलपुर होकर कई स्पेशल ट्रेन शुरू की गई है। पश्चिम मध्य रेल ने भी रीवा से सीएसएमटी के लिए 27 जून तक और जबलपुर से बांद्रा के मध्य 30 मई तक सप्ताह में एक दिन स्पेशल ट्रेन चलाई है। इस पर भी यात्रियों की आवश्यकता पूरी नहीं हो पा रही है। लेटलतीफी, ज्यादा किराया, नियमित में फायदा स्पेशल ट्रेनों का किराया अपेक्षाकृत अधिक है। ज्यादा किराया लेने के बावजूद स्पेशल ट्रेनों के कई-कई घंटे विलंब से संचालित होने के कारण यात्री परेशान होते हैं। रेलवे की ओर से ट्रेन के संचालन में नियमित ट्रेनों को समय पर चलाने पर प्राथमिकता दी जाती है। उचित किराया और समय पर यात्री पूरी हो, इसलिए जबलपुर से मुंबई के बीच सुपरफास्ट नई सीधी ट्रेन का संचालन यात्रियों के लिए लाभदायक माना जा रहा है।मुंबई की तरह ही पुणे के लिए भी जबलपुर से सीधी ट्रेन की कमी है। अभी सप्ताह में एक दिन जबलपुर-पुणे के मध्य सीधी स्पेशल ट्रेन चलती है। उत्तर प्रदेश और बिहार से आकर जबलपुर होकर पुणे जाने वाली ट्रेनें भी कम है। मुंबई के लिए प्रतिदिन जबलपुर से सीधी ट्रेन होने पर पुणे और गोवा जाने वालों के लिए भी विकल्प उपलब्ध होगा।

# रतलाम के दो सूने मकानों में चोरी, पचास लाख के जेवर ले गए

रतलाम। शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस पिछली वारदातों के आरोपितों को पकड़ रही है तो चोर नई वारदातों का अंजाम दे रहे है। तीन दिन पहले ही पुलिस ने चार मकानों से जेवर व तीन स्थानों से वाहन चुराने का आरोपित को गिरफ्तार किया था। वहीं मंगलवार तड़के पांच से छह बजे के बीच चोरों ने दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र की शांति निकेतन कालोनी में दो सूने मकानों में ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया तथा करीब पचास लाख रुपये के जेवर व 54 हजार रुपये नकद चुराकर ले गए। चोरों ने कलीमी कालोमी स्थित एक अन्य मकान में भी वारदात करने का प्रयास किया लेकिन वहां चोरों को कुछ नहीं मिला। जानकारी के अनुसार चोरों ने शांति निकेतन कालोनी निवासी किराना व्यापारी मनीष जैन (मूणत) की झाबुआ जिले के ग्राम जामली में किराना दुकान तथा खेत है।

वे परिवार के साथ 11 मई को सुबह करीब दस बजे घर पर ताला लगाकर ग्राम जामली गए थे। वहीं उनके पड़ोसी प्रापर्टी व्यवसायी विकास वितलिया पत्नी व बच्चों के साथ 11 मई की दोपहर घूमने के लिए गोवा चले गए।



मंगलवार तड़के चोर ताला तोड़कर पहले मनीष जैन के घर घुसे तथा जेवर व रूपये चुराकर बाहर निकले। इसके बाद वे उनके पड़ोसी विकास पितलिया के घर ताले तोड़कर घुसे तथा जेवर चुराकर ले गए।

सुबह आसपास के लोगों ने दोनों मकानों के ताले टूटे देखकर मनीष जैन व विकास पितलिया को सूचना दी।

सुबह करीब साढ़े दस बजे मनीष जैन परिवार को साथ घर लौटे तो नीचे व ऊपर के कमरों में अलमारियों का सामान बिखरा हुआ था।

चेक करने पर पता चला कि चोर उनके घर से करीब साढ़े पांच सौ ग्राम वजनी सोने के जेवर, करीब छह सौ ग्राम वजनी चांदी के जेवर, सिक्के आदि तथा 54 हजार रुपये चुराकर ले गए।

वहीं सूचना मिलने पर विकास पितलिया की लोकेंद्र टाकीज क्षेत्र में रही बहन रंजना चौरड़िया, मां लाडबाई आदि घर पहुंचे। विकास के भी घर के ऊपर व नीचे के कमरों में अलमारियों का सामान बिखरा हुआ था।

रंजना चौरड़िया ने बताया कि फोन पर भाई विकास से चर्चा हुई है।

घर में रखे चालीस से पचास ग्राम वजनी सोने की दो पाटली, एक चेन, दो अंगूठी व तीन हाथ घड़ियां चोर ले गए। इसके अलावा और क्या चोरी गया है यह विकास व भाभी के आने पर पता चलेगा।

चोरों ने कलीमी कालोनी में कासिम सेफुद्दीन कादरी के सूने घर का भी ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। कासिम इंदौर रहते है तथा घर में जेवर व नकदी नहीं थे।इसलिए चोर खाली हाथ लौट गए।

दोनों जगह दो-दो चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए है तथा दोनों में कैद चोर एक जैसे दिख रहे है। चोरों ने पहले कासिम के यहां चोरी का प्रयास किया, लेकिन कुछ नहीं मिलने पर वे शांति निकेतन कालोनी पहुंचे तथा मनीष जैन व विकास पितलिया के यहां वारदात कर भाग निकले।

बाइक पर आए थे, पंक्चर होने पर छोड़कर भागे

विकास पितलिया के घर लगे सीसीटीवी व अन्य कैमरों में दो चोर बाइक पर आते हुए, टामी या बड़े पेचकस से ताले तोड़ते हुए तथा बैग में जेवर व रुपये भरकर बाइक से जाते कैद हुए हुए हैं।

चोरों की बगैर नंबर की बाइक सागोद रोड पर शिक्षक कालोनी के सामने पंक्चर हो गई तो वे बाइक छोड़कर भाग निकले।

सूचना मिलने पर दीनदयाल नगर थाना प्रभारी मनीष डाबर, एसआई सचिन डाबर सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा पीड़ितजनों से जानकारी ली।

डाग स्क्वाड व फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ टीमों ने भी घटना स्थलों व अन्?य क्षेत्रों में जांच की। डॉग कुछ दूर जाकर रूक गया।थाना प्रभारी मनीष डाबर ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है।



# हलमा के आह्वान पर तालाब गहरीकरण के लिए रायकुंडा में जुटे सैकड़ों सेवाभावी

## मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने दी विकास की सौगातें

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी के तहत इंदौर जिले के रायकुंडा ग्राम में आज सोमवार को जनजातीय परंपरा हलमा के आयोजन में सैकड़ों ग्रामीणों ने सहभागिता कर तालाब गहरीकरण के लिए श्रमदान किया। इस अवसर पर प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने ग्रामवासियों को कई विकास कार्यों की सौगातें दीं।



कार्यक्रम की शुरुआत प्राचीन देवी पूजन के साथ हुई। अपने संबोधन में मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आमजन की सक्रिय भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। हलमा जैसी परंपराएं सामूहिक सहयोग की उत्कृष्ट मिसाल हैं और इन्हें पुनः जीवित करना समय की मांग है। मंत्री डॉ. शाह ने रायकुंडा में स्थित 11वीं सदी के प्राचीन कुंड के पुनर्निर्माण और एक भव्य माता मंदिर की स्थापना के लिए केंद्र सरकार एवं पुरातत्व विभाग से चर्चा करने की बात कहीं। उन्होंने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र को एक धार्मिक-आध्यात्मिक स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की। मंत्री डॉ. शाह ने धर्मशाला निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति की घोषणा की और रायकुंडा तालाब को पर्यटन एवं रोजगार का केंद्र बनाने हेतु योजनाओं पर कार्य आरंभ करने की बात कहीं। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेतु अपनी निजी भूमि दान देने वाले श्री गालियां परमार का विशेष रूप से अभिनंदन किया।

इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने जनजातीय नायकों को दिए जा रहे सम्मान का उल्लेख करते हुए वर्तमान सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। विधायक सुश्री ऊषा ठाकुर ने महिषासुरमर्दिनी स्तुति के साथ स्वागत भाषण दिया। वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री राजाराम कटारा ने हलमा परंपरा को भील जनजाति की अस्मिता का प्रतीक बताते हुए झाबुआ में इससे जुड़े सफल प्रयासों की जानकारी भी साझा की।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपमाला रावत द्वारा किया गया। रायकुंडा के सरपंच श्री दिलीप ओसारी ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी ग्रामीणों ने तालाब के गहरीकरण हेतु सामूहिक श्रमदान किया।

रायकुंडा ग्राम के आदिवासियों ने इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया कि हलमा जैसी परंपराएं आज भी जनकल्याण और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रासंगिक हैं और जब समाज एकजुट होता है, तो कोई भी कार्य असंभव नहीं।

### 45 दिन से धरने पर बैठे छात्र, डीन को हटाने की जिद पर अड़े, अब कलेक्टर से करेंगे सीधी बात



इंदौर। इंदौर के कृषि कॉलेज के स्टूडेंट्स का धरना अब 45 दिनों से भी ज्यादा वक्त से जारी है, लेकिन उनकी मुख्य मांग पर कोई समाधान नहीं निकल सका है। स्टूडेंट्स कॉलेज के डीन को हटाने की मांग कर रहे हैं, और इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी भी बनाई गई थी। हालांकि, स्टूडेंट्स का कहना है कि कमेटी द्वारा अभी तक कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है, और उनका संघर्ष प्रशासन से लेकर मंत्रियों तक जारी रहा है। इस लंबी अवधि में धरने पर बैठे छात्रों के बीच असंतोष बढ़ता जा रहा है, और उनकी उम्मीदें अब कलेक्टर से मिलने की है।

इस मामले में नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के सदस्य रंजीत किसानवंशी ने कहा कि कॉलेज प्रशासन ने एक पांच सदस्यीय कमेटी बनाई थी, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी और प्रोफेसर भी शामिल थे। कमेटी का गठन छात्रों की शिकायतों की जांच करने के लिए किया गया था, लेकिन अब तक जांच रिपोर्ट नहीं दी गई है। रंजीत ने यह भी बताया कि कमेटी की ओर से जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन छात्रों को अभी तक कोई औपचारिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। इस कारण स्टूडेंट्स का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। रंजीत किसानवंशी ने यह भी बताया कि अब वे और ह्श्वङ्घ के सदस्य मंगलवार को कलेक्टर से मुलाकात करने जा रहे हैं। कलेक्टर से मिलने का मुख्य उद्देश्य कमेटी की जांच रिपोर्ट के बारे में जानकारी लेना है।

### मेट्रो ट्रेक के ऊपर अब लांच होगी डबल डेकर ब्रिज की गर्डर, सालभर में हो जाएगा तैयार



इंदौर। इंदौर में बन रहे प्रदेश के पहले डबल डेकर ब्रिज का काम तेज गति से चल रहा है। ब्रिज के मध्य हिस्से की गर्डर अब मेट्रो ट्रेन के ऊपर से लांच करने की तैयारी की जा रही है।इसके लिए चौराहे के ट्रैफिक को कुछ दिनों के लिए डायवर्ट किया जा सकता है। ब्रिज का काम सालभर में पूरा हो जाएगा। सुपर कॉरिडोर की तरफ का ब्रिज तीन माह पहले ही बनकर तैयार हो चुका है और यातायात के लिए भी उसे खोल दिया गया है। ब्रिज के निर्माण में स्टील गर्डर का उपयोग किया जा रहा है। ब्रिज के पहले तक गर्डर बिछाई जा चुकी है। गर्डर रखने के लिए विशेष प्रकार कर क्रेनों की मदद ली जा रही है, क्योकि ब्रिज की ऊंचाई ज्यादा है। जमीन से यह ब्रिज अधिकतम 70 फीट ऊंचा है,जबकि इसकी लंबाई एक किलोमीटर है। ब्रिज जहां पर जाकर खत्म होगा, वहां से छह लेन सड़क बनाई जाएगी। ब्रिज के निर्माण पर सरकार डेढ़ सौ करोड़ रुपये खर्च कर रही है। नियमों के हिसाब से मेट्रो ट्रेन से 20 फीट ऊपर ही किसी स्ट्रक्चर का निर्माण हो सकता है।

## ग्रैंड हयात और भाजपा नेता की डील, 400 करोड़ रुपए में बनाएंगे विश्वस्तरीय होटल

इंदौर। इंदौर में लग्जरी होटल उद्योग में एक और बड़ा कदम बढ़ाया गया है। शहर में अब हयात होटल ग्रुप की प्रमुख श्रृंखला ग्रैंड हयात का होटल स्थापित किया जाएगा। होटल कंपनी हयात ने बीजेपी नेता और पूर्व विधायक संजय शुक्ला की कंपनी क्रिविश हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत इंदौर में 11.5 एकड़ की भूमि पर शानदार ग्रैंड हयात होटल का निर्माण किया जाएगा। यह होटल हयात ग्रुप की भारत में तेजी से बढ़ते शहरों में अपनी उपस्थिति स्थापित करने की योजना का हिस्सा है। इस होटल के निर्माण के लिए हयात ग्रुप और संजय शुक्ला के बीच 400 करोड़ रुपए की डील हुई है। इंदौर में बनने वाला होटल ग्रैंड हयात बेहद शानदार होगा, जिसमें कुल 250 कमरे और सुइट्स होंगे। इसके अलावा, होटल में 5 अलग-अलग प्रकार के रेस्टोरेंट और खाने-पीने की जगहें होंगी। यहां मीटिंग्स और बड़े कार्यक्रमों के लिए 53,000 वर्ग फुट (लगभग 5,000 वर्ग मीटर) से ज्यादा का क्षेत्रफल उपलब्ध होगा, जिसमें एक बॉलरूम भी होगा जो करीब 27,986 वर्ग फुट (लगभग 2,600 वर्ग मीटर) का होगा।



## पिकनिक मनाने गए दो युवकों की दर्दनाक मौत, डूबने से खत्म हो गई खुशियों की छुट्टी

इंदौर। इंदौर के बेटमा थाना क्षेत्र के मोना ग्राम में रविवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब 30 वर्षीय ठेकेदार तेहनून पिता नवाब खान की फार्महाउस में बने तालाब में डूबने से मौत हो गई। टाटपट्टी बाखल निवासी तेहनून अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाने गया था। पिकनिक के दौरान वह तालाब में नहाने उतरा और तभी यह हादसा हुआ। बताया गया कि शाम करीब 6 बजे तेहनून ने तालाब में डुबकी लगाई, लेकिन काफी देर तक पानी से बाहर नहीं आया।तेहनून के साथ मौजूद लोगों ने उसे ढूंढकर तालाब से बाहर निकाला और मौके पर ही उसे CPR देने की कोशिश की गई। हालत गंभीर देख उसे तत्काल अन्नपूर्णा क्षेत्र के एक निजी अस्पताल यूनिक ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



प्रत्यक्षदर्शियों और परिवार के सदस्यों ने बताया कि तेहनून को तैरना अच्छी तरह आता था, फिर भी वह कैसे डूब गया, यह रहस्य बना हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि संभवतः उसे पानी में कोई गंभीर चोट लगी होगी या फिर किसी अन्य स्वास्थ्य कारण से उसकी मौत हुई हो।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौत के असली कारण का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही हो पाएगा। हादसे के वक्त तेहनून का पूरा परिवार फार्महाउस पर मौजूद था।

### महाराणा प्रताप जयंती पर राजपूत समाज द्वारा तुलसी नगर में नेत्र व दंत जांच शिविर का आयोजन




इंदौर। तुलसी नगर के मां सरस्वती मंदिर प्रांगण में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर राजपूत समाज द्वारा एक विशाल निःशुल्क नेत्र व दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर में स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।

आयोजन को स्थानीय लोगों से जबरदस्त प्रतिसाद मिला, जहां बड़ी संख्या में लोग अपने स्वास्थ्य की जांच के लिए पहुंचे। इस अवसर पर राजपूत समाज के प्रमुख सदस्यों राजेश तोमर, वीरेंद्र सिंह तोमर, दुलेसिंह राठौर, आर.एस. सेंगर, पंकज सिंह चौहान, रतन सिंह, सुनील सिंह राठौर, मंजीत सिंह तोमर,शिवबहादुर सिंह, किशोर सिंह पवार के साथ-साथ स्थानीय पार्षद श्रीमती संगीता जोशी, महेश जोशी व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

hindkush.in
24x7 News portal
दैनिक हिन्दकुश
jagrayam.com
online news magazine
सर्वे भवन्तु सुखिनः
भोपाल, इंदौर, उज्जैन, से प्रकाशित

संपादक मंडल

श्री संजय ज्ञानी – संपादकीय सलाहकार
श्री संजय व्यास – संपादकीय सलाहकार डिजिटल
सुश्री परम चैतन्य – कार्यकारी संपादक
डॉ. चमन सिंह राजौरा – उप संपादक
श्री आशीष उपाध्याय – विशेष संवाददाता व विधि सलाहकार
श्री भुवनेश भार्गव – विशेष संवाददाता
श्री शिरीष राव मोरे – ब्यूरो प्रमुख
श्री नरेन्द्र राठौर – संवाददाता
श्री धर्मेंद्र राठौर – संवाददाता
श्री कौशल कांतिदास वैरागी – विशेष प्रतिनिधि

जय श्री महाकाल ...



वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक

उज्जैन। मंगलवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर मुकेश टटवाल, एमआईसी सदस्य शिवेन्द्र तिवारी, रजत मेहता, सत्यनारायण चौहान, डॉ. योगेश्वरी राठौर, श्रीमती दुर्गाशक्ति सिंह चौधरी, अनिल गुप्ता, प्रकाश शर्मा, कैलाश प्रजापत, जितेन्द्र कुंवाल, सुगन बाई बाघेला एवं निगम आयुक्त आशीष पाठक की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

महापौर कार्यालय, ग्राण्ड होटल पर आयोजित मेयर इन काउंसिल की बैठक में सर्वप्रथम कार्यसूची के प्रथम प्रकरण मेयर इन काउंसिल सम्मिलन दिनांक 17.03.2025 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई जिसके उपरांत कार्य बिन्दुवार चर्चा की गई।

नक्षत्र होटल से पिंगलेश्वर होते हुए उण्डासा तक आरसीसी फोरलेन निर्माण कार्य के संबंध प्रस्तुत प्रकरण की पुष्टि की गई।

महाकाल मंदिर के 500 मीटर परिधि में भवन अनुज्ञा जारी करने



के संबंध में प्रस्तुत प्रकरण की पुष्टि की गई।

वार्ड क्रमांक 52 देवास रोड़ स्थित तरणताल स्वीमिंगपूल का पुर्ननिर्माण कार्य से सम्बंध प्रकरण को स्वीकृति प्रदान की गई। प्रधानमंत्री महोदय के महाकाल लोक कार्यक्रम हेतु प्रस्तावित उज्जैन भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्ण मार्ग पर अस्थाई प्रकाश व्यवस्था किराए के माध्यम से किए जाने कार्य को नगर निगम ग्वालियर व नगर निगम इंदौर की आयटम वार स्वीकृत दर पर कराए जाने की कार्योत्तर, प्रशासकीय, वित्तीय स्वीकृति के साथ भुगतान की अनुमति से सम्बंधित प्रकरण पर चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई।

ऽ सांदीपनि चौराहे से उदयन मार्ग तक सडक चौडीकरण कार्य तथा सेन्ट्रल लाईट डिवाइडर निर्माण, गैल इंडिया तिराहे से मंछामन चौराहे व नीलगंगा तिराहे तक मार्ग के चौडीकरण कार्य, हनुमान नाका से हरिफाटक ब्रिज मार्ग तक चौडीकरण कार्य, ढांचा भवन से एमआर-5 एसआर-1 मार्ग तक सडक चौडीकरण कार्य, राजस्व कॉलोनी मुख्य मार्ग का चौडीकरण एवं सेन्ट्रल लाइटिंग कार्य, नानाखेडा से शांति पैलेस चौराहा एमआर-2 मार्ग चौडीकरण कार्य, हामूखेडी बिजासन माता मंदिर से देवासरोड मार्ग चौडीकरण कार्य, टेगोर चौराहे से दो तालाब तक सडक चौडीकरण कार्य, गाडी अड्डा चौराहे से ढांचा भवन होते हुए रणकेश्वर महादेव मंदिर एमआर-5 मार्ग तक एमआर-4 मार्ग रोड चौडीकरण कार्य, देवास रोड से मयूर पार्क एवं प्रशासनिक संकुल तक मार्ग चौडीकरण कार्य, वी.डी. क्लाथ मार्केट, तेलीवाडा, ढाबा रोड़ होते हुए छोटी पुलिया तक मार्ग का चौड़ीकरण कार्य, कोयला फाटक चौराहा से लेकर छत्री चौक गोपाल मंदिर तक चौड़ीकरण कार्य के प्रकरणों पर चर्चा की जाकर स्वीकृति प्रदान की गई।

# जज़्बा समर कैंप व्यक्तित्व निखारने का स्वर्णिम अवसर है –सन वर पटेल




उज्जैन। जज़्बा समर कैंप व्यक्तित्व निखारने का स्वर्णिम अवसर है।

ये बात म प्र वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल ने जज़्बा के निःशुल्क समर कैंप में बच्चों को संबोधित करते हुए कही। फरीद कुरेशी और ज़मीर उल हक ने बताया कि आपने जज़्बा के इस शानदार काम की प्रशंसा करते हुए कहा कि जज़्बा को अब अपना काम करने का दायरा बढ़ाना चाहिए। आपने वक्फ बोर्ड द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों को बताते हुए कहा कि पूरे मध्य प्रदेश में कई गरीब बच्चों की मदद वक्फ बोर्ड ने करी है। नईम खान और वसीम अब्बास ने बताया कि श्री पटेल ने नए वक्फ कानून को भी बच्चों को समझाया । अत हर आलम अंसारी और इरशाद नागौरी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इंजीनियर सरफराज कुरेशी ने इस समर कैंप में किए जा रहे कार्यों का विवरण पेश किया। आपने कहा कि नाना नानी के यहां बाहर से छुट्टियों में आए हुए बच्चे भी इस कैंप में भाग ले रहे हैं।हारून नागौरी और असलम मंसूरी ने बताया कि स्पोकन अरेबिक के छात्र सैयद अत हर अली ने अरबी भाषा में मात्र 10 दिन में सीखे दिन और गिनती को अरबी भाषा में बोलकर दिखाया। सादिक खान और फैज़ जाफरी ने बताया कि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुस्लिम एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष श्री फैज़ मोहम्मद ने कहा कि पहली बार इतने बड़े स्तर पर ये कैंप लगाया गया है।

# अर्जुन पटेल उपाध्यक्ष नियुक्त



उज्जैन। स्वस्थ तन-मन योगा क्लब अध्यक्ष डॉ. राजेश ठाकुर निर्झर ने नगर के युवा नौजवान योग अनुरागी अर्जुन पटेल को स्वस्थ तन-मन योगा क्लब की नगर कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। आपकी नियुक्ति पर सहज योग के अमित गोयल, ध्यान योगा क्लब की डॉ. मनीषा ठाकुर, योगाचार्य डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय, पूर्व जिला शिक्षा योग प्रभारी पुष्करराज निगम, महेन्द्र पाटीदार, डॉ. हरीशकुमार सिंह, डॉ. रफीक नागौरी ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। उक्त जानकारी स्वस्थ तन-मन योगा क्लब की मीडिया प्रभारी कु. अश्विनी दुबे ने दी।

# निशुल्क फिजियोथैरेपी परामर्श व उपचार शिविर 15 मई को

उज्जैन। चेरिटेबल ट्रस्ट हास्पिटल बुधवारिया उज्जैन में 15 मई गुरुवार को निशुल्क फिजियोथैरेपी परामर्श और उपचार शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में प्रदेश के और जाने-माने चिकित्सकों द्वारा निशुल्क फिजियोथैरेपी परामर्श और आधुनिक तकनीक से उपचार किया जाएगा। जैसे मांसपेशियों का चौक होना, टेढ़ी-मेढ़ी तथा खिसकी हुई हड्डियों को जमाना, चौक हुई नसों को खोलना, कंधा जाम होना, गर्दन जाम होना, रीड की हड्डी की समस्या, स्लिप डिस्क, पैरालिसिस लकवा, टेनिस एल्बो, स्पॉट इंजरी, हड्डियों के ऑपरेशन के बाद की जकड़न, फ्रोजन शोल्डर, बेल्स पाल्सी, रिश्टड्राप, फेशियल पाल्सी आदि विभिन्न तकलीफों का आधुनिक तकनीक की मशीनों द्वारा और आधुनिक पद्धति से दवा रहित उपचार किया जाएगा। फिजियोथैरेपी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव कुमार झा, प्रोफेसर और विभाग अध्यक्ष डॉ. श्रीमती झा, प्रोफेसर डॉ. संकेत बाजपेई, प्रोफेसर डॉ. श्रीमती मिश्रा, डॉ. आशीष जायसवाल, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. सोनी और उनकी पूरी टीम निशुल्क सेवाएं देंगे। गुरुवार को सुबह से शाम तक, सभी नागरिकों से अनुरोध है कि नगर व जिले के अधिक से अधिक रोगी इस शिविर का लाभ लें। जानकारी शिविर संयोजक डॉ. कैलाश शर्मा और डॉ. गौरव शर्मा ने संयुक्त रूप से दी।

# बोहरा समाज की फ़ातेमा ने सीबीएसई 12वीं मे 92त्न हासिल किए



उज्जैन। सीबीएसई कक्षा 12वीं के परिणाम की मंगलवार को घोषणा हुई। जिसमें बोहरा समाज की 18 वर्ष की बालिका फ़ातेमा महिदपुर वाला ने कालिदास स्कूल से सीबीएसई 12वीं परीक्षा में 92त्न अंक हासिल कर परिवार और समाज का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी की लहर है और सभी मित्रों एवं परिवारजनों ने फ़ातेमा को बधाई और शुभकामनाएं दी। यह जानकारी फ़ातेमा के पिता नजमुद्दीन भाई ने दी।

# समन्वय विकास का मूल मंत्र, परस्पर संधि से बड़े-बड़े युद्ध भी टाल जाते हैं

उज्जैन में विराजित दिगंबर जैन आचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी गुरुदेव ने धर्म सभा में कहा



उज्जैन। जीवन विकास हेतु रीति एवं नीति का ज्ञान होना आवश्यक है प्रीति नीति शून्य व्यक्ति निग्रही संकटों से घिर जाता है। रीति नीति का ज्ञाता सर्वत्र सफलताओं को प्राप्त करता है। सफल समृद्ध सुखी जीवन के लिए समन्वय दृष्टि आवश्यक है। परस्पर संधि से बड़े-बड़े युद्ध भी टाल जाते हैं।

यह बात पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महामुनिराज ने ग्रीष्मकालीन वाचना के दौरान कही। प्रदीप झांझरी एवं अश्विन कासलीवाल ने बताया कि पाद प्रक्षालन का सौभाग्य नमक मंडी ट्रस्ट के वरिष्ठ कोषाध्यक्ष विमल कुमार नितेश कुमार संदीप कुमार जैन जैसवाल सिल्क पैलेस वी डी मार्केट परिवार को प्राप्त हुआ। धर्म सभा का संचालन अनिल गंगवाल ने किया। पट्टाचार्य गुरुवर श्री विशुद्ध सागर जी ने कहा कि छोटे से छोटे शत्रु से हमेशा सावधान रहना चाहिए।

ऐसे ही रोग थोड़ा भी हो तो उसका सी उपचार करना चाहिए। थोड़ा भी विष यदि भोजन में मिश्रित है तो वह सेवन नहीं करना चाहिए। छोटा सा दोस्त भी हमारे जीवन को कलंकित कर देता है। दोस्त छोटा भी हो पर उसकी उपेक्षा नहीं करना चाहिए छोटा रोग, छोटा शत्रु और थोड़ा सा प्रमाद भी विनाश का कारण बन जाता है। कार्य सिद्धि के लिए वही रंग एवं अंतरंग दोनों ही निमित्त आवश्यक हैं विशुद्ध के साथ की गई क्रिया सफलता का समर्थ साधन है। साधनों से ही कार्य की सिद्धि संभव है। जैसा साधन होगा वैसा कार्य होगा। स्वयं की शक्ति ज्ञान समर्थ अनुसार कार्य करना चाहिए। हीन भावना एवं चिंता की चिता से स्वयं रक्षा करना चाहिए।

आचार्यश्री ने कहा विशुद्ध बनना है तो अशुद्धता से बचो जिन विद्यार्थियों को अपने ज्ञान की वृद्धि करना है, जीवन में उत्कर्ष प्राप्त करना है, सफलता प्राप्त करना है, बुद्धि को प्रांजल करना है उनके प्रयत्न पूर्वक अपने चरित्र एवं भावों को पवित्र रखना चाहिए। चरित्रवानो के चित्र दर्शन से जीवन में संस्कार विशुद्धता प्राप्त होती है। शुद्ध व विशुद्ध होना है तो अशुद्धता से बचो। कसाय की एक कनिका जीवन को कलंकित कर देती है। पुण्य के योग में शत्रु भी मित्र बन जाता है। धन बल, प्रज्ञा बल, सैन्य बल, बाहुबल तभी कार्यकारी होता है जब पुण्य बल प्रबल होता है। पुण्य आत्मा के द्वार पर देव भी रत्न वृष्टि करते हैं। पुण्य के प्रभाव से जंगल में भी मंगल हो जाता है। सुखद जीवन जीना है तो ईर्ष्या मत करो। अपना पुण्य बढ़ाओ, पुण्य आत्मा वाला ही बलवान होता है।

# नर्सिंग केवल पेशा नहीं, बल्कि एक सेवा भाव है नर्स डे मनाया




उज्जैन। जिला अस्पताल एवं चरक भवन की नर्सिंग आफिसर्स द्वारा नर्स डे दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। नर्स दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अजय दिवाकर, डॉ. निधि जैन ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली नर्स का सम्मान किया। जिला चिकित्सालय नर्सिंग आफिसर्स एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष संगीता शर्मा ने बताया कि दशहरा मैदान स्थित सुराना पैलेस होटल में नर्सिंग आफिसर्स ने कार्यक्रम का आयोजन किया और केक काटकर अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया। इसी दौरान एक-दूसरे को केक खिलाया और सभी नर्सो ने अपने-अपने विचार रखें। संगीता शर्मा ने कहा कि मरीजों को स्वास्थ्य लाभ देने में नर्स मुख्य कड़ी हैं वे परिवार के साथ साथ भी मरीजों की दिन रात कार्य कर मरीजों की देखभाल एवं सेवा करती है।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com